घटना | 35 वर्षीय मनोज साहू की हत्या से क्षेत्र में सनसनी, आरोपी फरार

# नशे के विवाद में मां-बेटे ने युवक को लाठी-डंडों से पीटा, मौत



**कोतमा, नवभारत 28 मार्च।** कोतमा थाना अंतर्गत श्रमिक नगर पकरिया में शनिवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहाँ दो पक्षों के बीच हुए मामूली विवाद ने इतना हिंसक रूप ले लिया कि एक पक्ष ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर 35 वर्षीय युवक मनोज साहू की हत्या कर दी। दिनदहाड़े हुई इस हत्या की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

### इमली के पेड़ के पास हुआ जानलेवा हमला

घटना के संबंध में बताया गया कि विवाद मृतक के घर से कुछ ही दूरी पर स्थित एक इमली के पेड़ के पास हुआ। आरोपी शिवराम चौधरी और उसकी मां रेमुन बाई ने मनोज साहू पर लाठी-डंडों और घूंसों से हमला कर दिया। हमले में मनोज के सीने और हाथों पर गंभीर चोटें आईं। आंतरिक अंगों में आई गहरी चोटों के कारण मनोज जब घटनास्थल से घायल अवस्था में अपने घर की ओर बढ़ रहा था, तभी रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

### पुलिस की कार्रवाई और फरार आरोपियों की तलाश

घटना की सूचना मिलते ही कोतमा थाना पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले में हत्या की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

### पुरानी रंजिश और नशे की लत बनी काल

जानकारी के अनुसार, मृतक मनोज साहू (35 वर्ष), पिता स्व. रामप्रताप साहू का अपने पड़ोस में रहने वाले चौधरी परिवार के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। बताया गया कि शुक्रवार की रात को भी नशे की हालत में दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसे आसपास के लोगों ने देखा था। शनिवार की सुबह एक बार फिर नशे के कारण विवाद भड़क उठा, जो गाली-गलौज से शुरू होकर खूनी संघर्ष में बदल गया।

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। श्रमिक नगर पकरिया में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। पुलिस विभिन्न ठिकानों पर दबिश दे रही है ताकि आरोपियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजा जा सके।

### इनका कहना है

'नशे के चलते हुए विवाद में हत्या की यह दुखद घटना हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी फिलहाल फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना कर दी गई है। उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।'

**रत्नांबर शुक्ल**
**थाना प्रभारी, कोतमा**

# हाथियों का आतंक : तीन घरों में तोड़फोड़

**अनाज खाया, फसलें कुचली, तीन दिनों में बढ़ा नुकसान, ग्रामीणों में दहशत**



**अनूपपुर, नवभारत 28 मार्च।** अनूपपुर जिले में तीन हाथियों का दल पिछले 96 दिनों से लगातार विचरण कर रहा है। शनिवार को यह समूह वन परिक्षेत्र अहिरगवां के टिटही-जैतहरी जंगल में डेरा डाले रहा। बीते तीन दिनों के भीतर हाथियों ने तीन घरों और एक झोपड़ी में तोड़फोड़ कर अंदर रखा अनाज खा लिया, वहीं कई किसानों के खेतों में लगी फसलों को भी नुकसान पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार यह हाथियों का समूह लगभग 96 दिन पहले छत्तीसगढ़ सीमा से अनूपपुर जिले में प्रवेश किया था। इसके बाद जैतहरी और अनूपपुर वन परिक्षेत्र से होते हुए शहडोल के बुढार क्षेत्र तक विचरण करता रहा। पिछले चार दिनों से यह दल जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के अहिरगवां वन क्षेत्र के जंगलों में ठहरा हुआ है। दिन में जंगल में आराम करने के बाद रात के समय हाथी गांवों की ओर रुख कर घरों में रखा अनाज और खेतों की फसलें खाकर अपना पेट भर रहे हैं।

बीते दिनों हाथियों ने कठौतिया निवासी छोट्टन कोल, सामतपुर के विष्णु कोल और ग्राम घाटा बैरागी निवासी वीर सिंह के खेतों में लगी गेहूं और चना की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा गेंद सिंह गोंड और अमरा नायक के घरों की दीवार तोड़कर अंदर रखा अनाज खा लिया। पंचायत सरई के रामटोला क्षेत्र में भी हाथियों ने पूर्व जनपद अध्यक्ष शिवपाल सिंह के घर की दीवार तोड़कर अनाज से भरी बोरियों को फाड़ दिया। वहीं तरेरा निवासी राजेंद्र सिंह के खेत में बनी झोपड़ी को तोड़कर उसमें रखी दो बोरी मसूर भी खा ली।

हाथियों के गांव में पहुंचने पर ग्रामीण उन्हें भगाने का प्रयास करते रहे, लेकिन कई बार हाथियों ने ग्रामीणों को दौड़ाया भी। स्थिति को देखते हुए वन विभाग का गश्ती दल लगातार निगरानी कर रहा है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दे रहा है। वहीं राजस्व विभाग के पटवारी द्वारा मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया जा रहा है और प्रभावित ग्रामीणों के लिए राहत प्रकरण तैयार किए जा रहे हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**न्यायालय में पेश कर, आरोपी को जेल भेजा गया**



**अनूपपुर, नवभारत 28 मार्च।** थाना जैतहरी पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने और ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 24 मार्च को नाबालिग पीड़िता अपने पिता और बहन के साथ थाना जैतहरी पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि ग्राम तिलवनडांड निवासी आरोपी ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाकर उसका अश्लील वीडियो तैयार किया। इसके बाद आरोपी उस पर दोबारा संबंध बनाने और शादी के लिए दबाव डालने लगा। पीड़िता द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी का पासवर्ड हासिल कर लिया और अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर उसे ब्लैकमेल किया, साथ ही अन्य लोगों को भेजकर बदनाम किया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना जैतहरी में आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी का पता लगाकर उसे हिरासत में लिया और पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी दीपक कोल को 26 मार्च को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया।

### चेक बाउंस और भरण-पोषण मामले में फरार दो वारंटी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत 28 मार्च।**पुलिस ने चेक बाउंस एवं भरण-पोषण राशि नहीं देने के मामलों में फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। इसी क्रम में कोतवाली अनूपपुर निरीक्षक अरविंद जैन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार सुबह कार्रवाई करते हुए चेक बाउंस मामले में फरार आरोपी सोनू यादव 40 निवासी ग्राम बिजौड़ी को गिरफ्तार किया। वहीं एक अन्य कार्रवाई में परिवार न्यायालय अनूपपुर के आदेश पर भरण-पोषण की राशि 2 लाख 96 हजार रुपये जमा नहीं करने वाले आरोपी राजेश सिंह राठौर 30 निवासी हर्री को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सफाईकर्मियों की हड़ताल से शहर में लग रहा गंदगी का अंबार

**शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप, एरियर भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों में आक्रोश**



**अनूपपुर, नवभारत 28 मार्च।** नगर पालिका अनूपपुर क्षेत्र में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रही, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। लंबित वेतन एरियर के भुगतान की मांग को लेकर शुरू हुई इस हड़ताल के चलते शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर कचरे के ढेर लग गए हैं और चारों ओर फैल रही दुर्गंध से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सफाई कर्मचारियों ने बताया कि वे लंबे समय से वेतन एरियर के भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कर्मचारियों के अनुसार, उन्होंने रामनवमी पर्व को ध्यान में रखते हुए गुरुवार तक भुगतान किए जाने की समय सीमा तय की थी। निर्धारित समय बीत जाने के बावजूद भुगतान नहीं होने पर उन्होंने हड़ताल का रास्ता अपनाया। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि वे पहले भी कई बार मांग पत्र दे चुके हैं, लेकिन हर बार उनकी अनदेखी की गई।


वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झरिया ने बताया कि सफाईकर्मियों की मांगों को आंशिक रूप से पूरा कर दिया गया है और शेष भुगतान जल्द ही कर दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि हड़ताली कर्मचारी बार-बार नई मांगें सामने रख रहे हैं, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने रविवार से 10 से 15 आउटसोर्स कर्मचारियों को सफाई कार्य में लगाने का निर्णय लिया है, ताकि शहर की सफाई व्यवस्था को जल्द से जल्द सामान्य किया जा सके। फिलहाल हड़ताल जारी रहने के कारण शहरवासी गंदगी और दुर्गंध से जूझने को मजबूर हैं। यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### सफाई न होने से दुर्गंध के कारण बीमार हो रहे लोग

नगर पालिका क्षेत्र में कुल 55 सफाई कर्मचारी 15 वार्डों में सफाई व्यवस्था संभालते हैं। हड़ताल के चलते बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, जिला चिकित्सालय, इंदिरा तिराहा सहित शहर के कई प्रमुख स्थानों पर कचरे का अंबार लग गया है। नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी और दुर्गंध लगातार बढ़ रही है, जिससे आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है और स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ने लगे हैं।

# मधुमक्खियों के 'रौद्र रूप' से दुकानदार और ग्राहक खौफजदा

**प्रशासन की चुप्पी से बढ़ रहा खतरा; गांधी चौक से आजाद चौक के बीच व्यापार हो रहा प्रभावित**



**कोतमा, नवभारत 28 मार्च।** नगर का सबसे व्यस्ततम व्यवसायिक क्षेत्र इन दिनों एक अनचाहे और खतरनाक संकट से जूझ रहा है। गांधी चौक से आजाद चौक के बीच स्थित दुकानों की छतों और ऊंचे भवनों पर लगे मधुमक्खियों के विशालकाय छत्ते स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। आलम यह है कि फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले फल, सब्जी और चाट विक्रेता हर वक्त डर के साए में अपनी रोजी-रोटी कमाने को मजबूर हैं।

### व्यापार पर पड़ रहा है सीधा असर

बाजार क्षेत्र में बार-बार होने वाले इन हमलों का असर अब व्यापार पर भी दिखने लगा है। ग्राहकों की कमी: मधुमक्खियों के डर से अब ग्राहकों ने गांधी चौक और आजाद चौक के बीच आना कम कर दिया है। एक स्थानीय फल विक्रेता ने बताया कि उन्हें कई बार मधुमक्खियां काट चुकी हैं। वहीं, इडली का ठेला लगाने वाले एक दुकानदार ने अपना कान दिखाते हुए बताया कि दो दिन पहले ही मक्खी ने काटा था, जिससे उन्हें असहनीय दर्द झेलना पड़ा। व्यापारियों का कहना है कि 'पेट का सवाल है, इसलिए दुकान हटा नहीं सकते, लेकिन सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है।'

### शोर, धुआं और भीड़ बनी बड़ी चुनौती

स्थानीय लोगों का मानना है कि बाजार क्षेत्र होने के कारण यहाँ शोर-शराबा, वाहनों का धुआं और भीड़ अधिक रहती है। शोरगुल और धुएं से मधुमक्खियां चिड़चिड़ी होकर हमलावर हो जाती हैं। यदि समय रहते इन छत्तों को वैज्ञानिक तरीके से नहीं हटवाया गया, तो भविष्य में किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता।

### प्रशासन से सुरक्षा की गुहार

क्षेत्र के छोटे व्यापारियों और फुटकर विक्रेताओं ने स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका से विनम्र निवेदन किया है कि जनहित में इन मधुमक्खी के छत्तों को सुरक्षित तरीके से हटवाने हेतु ठोस कदम उठाए जाएं। व्यापारियों का कहना है कि वे केवल अपनी रोजी-रोटी शांति से चलाना चाहते हैं, न कि किसी हादसे का शिकार होना चाहते हैं।

### होली के हुड़दंग में भड़की थीं मधुमक्खियां

हाल ही में होली के पर्व पर एक बड़ी घटना सामने आई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब इस मार्ग से तेज आवाज में डीजे बजाते हुए युवक निकल रहे थे, तब ध्वनि प्रदूषण और शोर के कारण मधुमक्खियां अचानक भड़क गईं। मक्खियों ने होली खेल रहे युवकों को दौड़ा-दौड़ा कर काटा। इस हमले में अर्पित जैन नाहर बुरी तरह घायल हो गए थे। उन्होंने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि मधुमक्खियों का वह रूप इतना डरावना था कि देखते ही देखते पूरे बाजार में भगदड़ मच गई थी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान को गति देने के निर्देश

**अनूपपुर, नवभारत 28 मार्च।** जिले में जल संकट की संभावनाओं को देखते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने दिए हैं। उन्होंने खेत तालाब, डकवेल रिचार्ज, चेक डैम, स्टाफ डैम की मरम्मत, तालाबों के गहरीकरण (डिसल्टिंग) तथा कुओं और बावड़ियों के नवीनीकरण के कार्य जनसहयोग और श्रमदान से कराने पर जोर दिया। जिला पंचायत सभागार अनूपपुर सहित कोतमा, जैतहरी एवं पुष्पराजगढ़ में आयोजित जनपदवार समीक्षा बैठकों में सीईओ ने ग्राम पंचायतों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान जनपद पंचायतों के सीईओ, जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी, तकनीकी अमला, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# संकुल केंद्र लतार में नकल कांड से मचा हड़कंप

**शिक्षकों पर गिर सकती है गाज**




**कोतमा, नवभारत 28 मार्च।** अनूपपुर जिले के संकुल केंद्र लतार अंतर्गत आने वाले शासकीय एवं निजी विद्यालयों में 8वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों ने शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा दिया है। विशेष रूप से इंदिरा स्मृति हाई स्कूल लतार के कई विद्यार्थियों के अनुत्तीर्ण होने के बाद अब परीक्षा व्यवस्था और उससे जुड़े शिक्षकों की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### नकल की शिकायतों के बाद खुला मामला

जानकारी के अनुसार 8वीं बोर्ड परीक्षा के दौरान कुछ विषयों में बड़े पैमाने पर नकल की शिकायतें सामने आई थीं। शिकायतों के आधार पर विभाग ने सख्ती बरतते हुए कॉपियों का पुनर्मूल्यांकन कराया। पुनर्मूल्यांकन के बाद जिन विषयों में नकल की आशंका थी, उनमें बड़ी संख्या में छात्र फेल हो गए। इससे यह संकेत मिलता है कि परीक्षा के दौरान अनियमितताएं हुई थीं या छात्रों को अनुचित तरीके से पास कराने का प्रयास किया गया था।

### शिक्षकों की भूमिका पर उठे सवाल

इस पूरे घटनाक्रम के बाद अब उन अतिथि शिक्षकों एवं माध्यमिक शिक्षकों की भूमिका जांच के दायरे में है, जिनकी निगरानी में परीक्षाएं संपन्न हुई थीं। विभागीय सूत्रों के अनुसार यदि जांच में लापरवाही या संलिप्तता पाई जाती है तो संबंधित शिक्षकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

### नकल रोकने के कड़े नियमों की चर्चा

हाल ही में छत्तीसगढ़ में लागू किए गए नकल विरोधी कानून के बाद पूरे क्षेत्र में परीक्षा प्रणाली को लेकर सख्ती बढ़ी है। हालांकि यह कानून मुख्य रूप से भर्ती परीक्षाओं पर लागू है, लेकिन स्कूली परीक्षाओं में भी इसी तरह की सख्ती अपनाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। ऐसे में अनूपपुर जिले में भी प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं। लतार संकुल केंद्र का यह मामला न केवल शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता को भी उजागर करता है। अब देखना होगा कि जांच के बाद प्रशासन क्या ठोस कदम उठाता है और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है।



# शासकीय उचित मूल्य दुकान कांसा में लगी आग

**ग्रामीणों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा**

**अनूपपुर, नवभारत 28 मार्च।** जिले के जनपद जैतहरी अंतर्गत ग्राम कांसा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में शनिवार सुबह अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हालांकि आसपास के ग्रामीणों की तत्परता और सामूहिक प्रयास से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि या बड़ी आर्थिक क्षति नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पैक्स दुलहरा के अंतर्गत संचालित इस दुकान में आग लगते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर डायल 112 को भी अवगत कराया गया। वहीं नगर पालिका अनूपपुर की फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई, लेकिन आग पर काबू पाए जाने के लगभग दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच सकी।

दुकान संचालक राकेश पटेल ने बताया कि सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और चौकीदार द्वारा पहले ही डायल 112 को सूचना दी जा चुकी थी। दुकान का ताला खोलने के बाद स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि दुकान में राशन वितरण तीन दिन पहले ही पूरा हो चुका था और अंदर केवल खाली बोरे रखे हुए थे, जिनमें आग लगी। आग से खाली वारदाने और एक कुर्सी जलकर नष्ट हो गई, जबकि दो कमरों में रखी लगभग 20-20 बोरी अनाज सुरक्षित बच गई।

धर्म | भक्ति और उल्लास से सराबोर हुआ प्राकट्य पर्व

# रामनवमी पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां






**अनूपपुर, नवभारत 28 मार्च।** जिले के ग्राम सीतामढ़ी में रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित प्राकट्य पर्व कार्यक्रम भक्ति और उत्साह के बीच संपन्न हुआ। इस दौरान मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीतामढ़ी में भगवान श्रीराम के पदचिह्न मिलना पूरे जिले के लिए गर्व और सौभाग्य का विषय है।

उन्होंने बताया कि त्रेता युग में वनवास काल के दौरान भगवान श्रीराम ने इस स्थल पर भगवान शिव की स्थापना कर पूजा-अर्चना की थी। यहां मिले पदचिह्नों की पुष्टि भारत सरकार के पुरातत्व विभाग द्वारा भी की जा चुकी है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश के जिन स्थानों पर भगवान श्रीराम के पदचिह्न प्राप्त हुए हैं, वहां रामपथ गमन का निर्माण नरेंद्र मोदी और मोहन यादव के नेतृत्व में कराया जा रहा है, जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। राज्य मंत्री ने सीतामढ़ी क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। उन्होंने बताया कि यहां सत्संग हॉल, साधु-संतों के ठहरने के लिए कक्ष, बाउंड्री वॉल तथा पेयजल व्यवस्था विकसित की जाएगी। साथ ही पूरे परिसर को आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए भी आवश्यक कार्य किए जाएंगे।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रिंकू मिश्रा, अनुविभागीय दंडाधिकारी कोतमा सतीश वर्मा, जनपद कोतमा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ममता मिश्रा, उमेश पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को जीवंत किया

कार्यक्रम के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सीधी के अजय कुमार एवं उनके साथियों ने बघेली लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति दी, जबकि अरविंद कुमार पटेल एवं दल द्वारा प्रस्तुत रामलीला ने भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को जीवंत कर दिया। वाराणसी से आए सुजीत तिवारी और उनके साथियों ने भक्ति गीतों के माध्यम से माहौल को भक्तिमय बना दिया।

# काव्यांजलि : स्व . यशोदा स्मृति में काव्य संध्या, कवियों ने बांधा समा

**जमुना कॉलरी, नवभारत 28 मार्च।** अनूपपुर रामनवमी के पावन अवसर तथा स्वर्गीय श्रीमती यशोदा यादव की पुण्यतिथि पर जमुना कॉलरी स्थित दुर्गा पंडाल के पास दादू लाल यादव के निवास पर एक भावपूर्ण काव्य गोष्ठी एवं काव्य संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोयलांचल क्षेत्र के वरिष्ठ एवं युवा कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम का आयोजन दादू लाल यादव द्वारा किया गया, जबकि संचालन वरिष्ठ शायर मोहम्मद यासीन खान ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तथा मां सरस्वती की वंदना नंदलाल सिंह द्वारा प्रस्तुत की गई। काव्य संध्या में वरिष्ठ कवि-व्यंग्यकार कैलाश पाटकर, सफी अहमद, यासीन खान, अमरेंद्र सिंह परिहार, धर्मेंद्र मिश्रा एवं युवा कवि कृष्ण कुमार मिश्रा ने अपनी रचनाओं का पाठ कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल त्रिपाठी (खान अधीक्षक सह प्रबंधक) रहे, जबकि अध्यक्षता राजू गुप्ता, पति पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पसान ने की। इस अवसर पर गंगाधर गोपाल, अजय यादव (उपाध्यक्ष नगर पालिका पसान), धनु मंडल, सुमन मंडल, अमित जायसवाल, सरिता जायसवाल, ललिता यूईके, फूलमती कुमारी यादव, बदरुद्दीन खान, इसराइल खान, विवेक शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी, मुकेश लहरे, अजय सिंह, प्रदीप मिश्रा, बोसकी सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

